भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 30.05.2025

## आरेडिका में गृहमंत्रालय (राजभाषा) उपनिदेशक ने किया निरीक्षण

आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा के विकास हेतु किए गये कार्यों का निरीक्षण गृहमंत्रालय (राजभाषा कार्यान्वयन) के उप निदेशक डा0 छबिल कुमार मेहेर ने दिनांक–30.05.2025 को किया।

डा0 मेहेर ने राजभाषा विभाग द्वारा 1 वर्ष के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट, संसदीय निरीक्षण प्रश्नावली, हिंदी प्रशिक्षण रोस्टर , धारा 3 (3) के आदेशों की गाइड फाइल, आवक–जावक रजिस्टर, रबर की मोहरें, पत्रशीर्ष, फार्म, लेखन सामग्री, नराकास की फाइल, आदि का अवलोकन किया।

आरेडिका के कार्यों की प्रगति को देख कर डा0 मेहेर ने सराहना की एवं बताया कि राजभाषा के मामले में आरेडिका की एक अच्छी है। आगे उन्होने कहा कि हमें आम बोल चाल के अंग्रजी के शब्दों के जैसे– स्कूल, रिजर्वेशन, लेट, ऑफिस, आदि की जगह हिन्दी के शब्दों जैसे– विद्यालय, आरक्षण, विलम्ब, कार्यालय, का प्रयोग करना चाहिए।

प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने एक प्रजेण्टेशन के माध्यम से आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा किए गये कार्यों यथा–राजभाषा की बैठकें, प्रगति पत्रिका का विमोचन, नायर में आरेडिका द्वारा किया गया प्रतिभाग, कार्यालयीन व्याख्यान, काव्य पाठ, राजभाषा पखवाडा, पुस्तकालय, नराकास में आरेडिका की सहभागिता आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानन्द पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन व सहित उच्च अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

AK 30/5/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी